एक नजर में

## माधुरी व्यास को हरिकृष्ण देवसरे पुरस्कार



इंदौर. साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश द्वारा वरिष्ठ लेखिका माधुरी व्यास नवपमा (इंदौर) को प्रादेशिक हरिकृष्ण देवसरे पुरस्कार (वर्ष 2023) प्रदान किया गया. भोपाल के रवीन्द्र भवन में आयोजित अलंकरण समारोह में उन्हें उनकी कृति एक पाती नाम तुम्हारे (बाल साहित्य ) के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया. संचालक संस्कृति विभाग, मप्र श्री एन.पी. नामदेव, ख्यात कामेंटेटर पद्मश्री सुशील दोशी और साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश के निदेशक डॉ. विकास दवे के हाथों उन्होंने यह पुरस्कार ग्रहण किया. श्रीमती माधुरी व्यास विचार प्रवाह साहित्य मंच, इंदौर की सचिव हैं.

## पुनर्योजी कृषि से उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ेगी

इंदौर. शहर में सॉलिडेरिडाड रीजनल एक्सपर्टीज़ सेंटर की ओर से आयोजित



राष्ट्रीय कार्यशाला में पुनर्योजी कृषि को बढ़ावा देने और इसके लिए नीतिगत समर्थन की ज़रूरत पर ज़ोर दिया गया. कार्यशाला में सांसद सुधीर गुप्ता, विपपी इंडस्ट्री के राजकुमार पटेल, रोहन शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष रीना मालवीय, समाजसेविका वंदना सिंह और सोपा के कार्यकारी निदेशक डी.एन. पाठक सहित किसान संगठनों, शोध संस्थानों, सिविल सोसाइटी और निजी क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल हुए. सॉलिडेरिडाड के जीएम डॉ. सुरेश मोटवानी ने बताया कि संगठन मध्यप्रदेश में मिट्टी की सेहत और पर्यावरण संरक्षण के लिए पुनर्योजी कृषि को बढ़ावा दे रहा है. डी.एन. पाठक ने कहा कि वनस्पति तेल उद्योग के लिए अब स्थिरता विकल्प नहीं बल्कि आवश्यकता है. पुनर्योजी खेती से किसानों की आय बढ़ेगी और उत्पादन की गुणवत्ता भी बेहतर होगी. कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री पूर्वा ने वर्तमान चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा करते हुए कहा कि पुनर्योजी कृषि किसानों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए फायदेमंद है. कार्यशाला से यह सिफारिशें सामने आई कि पुनर्योजी कृषि से जुड़े उत्पादों को एमएसपी और प्रीमियम बाज़ार मिलना चाहिए, एफपीओ को सशक्त बनाया जाए, प्रमाणन प्रक्रिया आसान हो, युवाओं को जैविक खेती से रोजगार मिले और उपभोक्ताओं में जागरूकता अभियान चलाया जाए. इन सुझावों पर आधारित एक राष्ट्रीय श्वेत पत्र तैयार कर सरकार को सौंपा जाएगा. समापन में श्री अरविंद ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया.

## विधानसभा तीन के रुके कार्यों पर ली बैठक



इंदौर. रेज़ीडेंसी कोठी में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 के नए विकास कार्यों एवं पुराने रुके हुए कार्यों को लेकर विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक गोलू शुक्ला ने नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा, जोनल अधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और क्षेत्र के पार्षदों के साथ विस्तार से चर्चा की. विधायक ने कहा कि जनता लंबे समय से अधूरे कार्यों के कारण परेशान है, इसलिए निगम को समय-सीमा तय कर इन्हें प्राथमिकता से पूरा करना चाहिए. बैठक चर्चा हुई कि वार्ड 62 में सरवटे से चन्द्रभागा से मच्छी बाजार रोड का कार्य शीघ्र प्रारंभ हो. वार्ड 61 मेंसुनकर समाज धर्मशाला से राजवाड़ा बाजार थाने की अधूरी सड़क को पूरा किया जाए. कलालकुई मस्जिद से चन्द्रभागा हनुमान मंदिर तक सड़क निर्माण कार्य किया जाए. वार्ड 60 मेंजवाहर मार्ग से चन्द्रभागा तक जीवन रेखा मार्ग की अधूरी सड़क और रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया जाएगा. वार्ड 55 में मधुमिलन से छावनी रोड का कार्य प्रारंभ किया जाए. वार्ड 58 में सुभाष मार्ग से नगर निगम चौक तक सड़क कार्य किया जाए. वार्ड 56 में स्नेहलता गंज में पानी की टंकी का निर्माण किया जाए. वार्ड 60 में साउथ तोड़ा से श्री गौड़ विद्या मंदिर तक नदी किनारे अवैध कारखानों पर रिमूवल हो. इसके अलावा विधायक शुक्ला ने पुराने इंदौर में मकान निर्माण हेतु नए नक्शे पास न होने की समस्या भी उठाई। उन्होंने कमिश्नर को अवगत कराते हुए कहा कि इस व्यवस्था से जनता परेशान हो रही है, जिसे तत्काल सुधारा जाना चाहिए. बैठक में क्षेत्र क्रमांक 3 के पार्षद, प्रभारी दिनेश वर्मा, दीपेंद्र सिंह सोलंकी, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, रितेश विराग, बंटी वर्मा एवं चंद्रभान सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित रहे.

## संवत्सरी महापर्व मुक्ति का पर्व : श्रुत मुनि

इंदौर. महावीर भवन इमली बाजार में आज संवत्सरी महापर्व मनाया गया. आज



की धर्म सभा में अंतगढ़ दशांग सूत्र की वाचना तप शिरोमणि अक्षर मुनि महाराज ने विस्तार से की. आपने बताया कि पापी से नहीं पाप से गृणा करो. स्वच्छंद जीवन में कदम कदम पर पाप कर्म होते हैं छोटे-छोटे जीवों की हिंसा से भी पाप कर्म का बंध होता है. आज के प्रवचन का विषय में श्रुतमुनि जी महाराज ने क्षमा कीजिए गले मिलिए पर बोलते हुए कहा कि क्षमा मांगना भी बहुत कठिन कार्य है क्षमा किससे मांगना जिससे वेरभाव है उससे क्षमा मांगना है संवत्सरी पर्व मुक्ति का पर्व है. इस अवसर को जाने मत दो इसे अपना लो और जीवन को सार्थक कर लो. महामंत्री रमेश भंडारी ने बताया कि गुरुदेव श्रुतमुनि महाराज की प्रेरणा से महावीर साधार्मिक सेवा फंड की स्थापना की गई है. यह फंड साधार्मिक परिवारों को शिक्षा, चिकित्सा, बुजुर्ग दंपतियो एवं साधार्मिक परिवारों की सहायता की जाएगी रमेश भंडारी ने साधार्मिक फंड योजना की रूपरेखा बताई. तेले और तेले से ऊपर एवं अट्ठाई की तपस्या करने वाले तपस्वी भाई बहनों का संघ की ओर से बहुमान किया गया. स्थानकवासी युवक संघ की ओर से 108 तपस्वियों को प्रभावना प्रदान की गई. धर्मसभा में संघपती अचल जी चौधरी, डेविस नेमनाथ जी जैन, रमेश भंडारी, एवं पुष्प डागरिया का बहुमान किया गया. अचल चौधरी, डॉक्टर राजीव चौधरी, रमेश भंडारी, डीपिन जैन, डेविस जैन, शरद मेहता, टी सी जैन, अशोक मंडलीक, जीनेश्वर जैन, हेमंत बोहरा, शरद मेहता, महावीर नाभरिया, रखबचन्द कोटा वाला, सुरेश देशलेहरा, सुमती लाल छजलानी, आदि बड़ी संख्या में समाज में उपस्थित थे. धर्म सभा संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया।

## मां तुझे प्रणाम योजना से अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सैनिक गतिविधियों को जान सकेंगे युवा

इंदौर. राष्ट्रवाद की भावना से ओत प्रोत माँ तुझे प्रणाम योजना म.प्र. शासन की एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका प्राथमिक उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र की सीमाओ के प्रति आदर का भाव विकसित करना, भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सैन्य गतिविधियों तथा दिनचर्या से अवगत कराना, साथ ही राष्ट्र के प्रति समर्पण, नेतृत्व विकास पर मार्गदर्शन दिया जाना है. उक्त योजना में 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग के 31.12.2026 तक हो का चयन किया जाएगा. एन.सी.सी., एन.एस.एस., खिलाडी, मेद्यावी छात्र एवं स्काउट क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रत्येक विकासखण्ड से 10 युवाओं (05 युवक एवं 05 युवतियों) एनसीसी 1, एनएसएस 1, खिलाडी 1, मेद्यावी छात्र 1 एवं स्काउट 1 का चयन भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं में से किसी एक स्थल के अनुभव यात्रा के लिए किया जाएगा. युवाओ का चयन जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा. विकासखण्ड स्तर पर युवाओं के चयन हेतु आवेदन पत्र 25 अगस्त से 4 सितंबर तक आमंत्रित करना. माँ तुझे प्रणाम योजना के चयन के लिए उक्त संबंधित क्षेत्रो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं से विधिवत संलग्न आवेदन पत्र व फिटनेस सर्टिफिकेट / चिकित्सा, जोखिम प्रमाणपत्र, चरित्र प्रमाणपत्र थाना प्रभारी से प्रमाणित कराकर जमा कराये जाने की तिथि 6 सितम्बर तक आवेदन फार्म कक्ष क्र. 9. कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, कार्यालय पुलिस उपायुक्त, रानी सराय, रीगल चौराहा जिला इंदौर से जमा एवं प्राप्त किये जा सकते है. अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में जानकारी प्राप्त कर सकते है.

# क्षमा करने वाला होता है महान : विश्वरत्न सागर

### नरसिंह वाटिका में विश्वरत्न सागर की निश्रा में हुई क्षमा याचना

इंदौर. क्षमा करने वाला महान होता है, मन में नफरत अथवा द्वेष की गठान बांधने वाला जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ सकता. जीवन बहुत छोटा है. एक पल में सुनामी, भूकंप, बाढ़ और दुर्घटना में सब कुछ नष्ट हो सकता है, इसलिए जीवन को धन्य बनाने के लिए पहला प्रयास यही करें कि हम किसी की निंदा नहीं करें, एक-दूसरे की टांग नहीं खींचे और एक-दूसरे को नीचा दिखाने का काम नहीं करें. अनुमोदना भले ही न करें, पर किसी की निंदा भी नहीं करें.

पर्युषण का महापर्व तभी सार्थक होगा, जब हम अपने अंदर घुसे हुए नफरत के कचरे को निकालकर और द्वेष की गठानों को खोलकर एक-दूसरे के प्रति आपस में प्रेम, स्नेह और माधुर्य के भाव से जीने का पुरुषार्थ करेंगे.

ये विचार हैं जैनाचार्य विश्वरत्न सागर म.सा. के, जो उन्होंने एयरपोर्ट रोड, नरसिंह वाटिका स्थित नवरत्न वाटिका पर अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे चातुर्मास अनुष्ठान और पर्युण महापर्व के सातवें दिन संवत्सरी प्रतिक्रमण



की धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए. जैनाचार्य ने कहा कि क्षमा करने का आनंद पूरे जीवनभर मिल सकता है.

पर्युषण महापर्व के सातवें दिन हजारों समाजबंधुओं ने एक दूसरे के प्रति क्षमा के भाव व्यक्त किए. पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन, मनीष सुराना, प्रीतेश ओस्तवाल, दिलीप मंडोवरा, दिलसुखराज कटारिया आदि ने लाभार्थी परिवारों का बहुमान किया और श्रावकों की अगवानी दीपक सुराना शैलेन्द्र नाहर, अंकित मारू, रीतिश आशीष जैन, चंद्रप्रकाश चौरडिया, मोनिश खूबाजी एवं ऋषभ कोचर आदि ने किया. संचालन शेखर गेलड़ा ने किया. जैनाचार्य के शिष्यों ने आज जानकी नगर, महेश नगर, कालानी नगर एवं अन्य श्रीसंघों में पहुंचकर संवत्सरी संपन्न कराई.

### क्षमा याचना की...

धर्मसभा और प्रवचन के पश्चात सभी श्रावक-श्राविकाएं ढोल-ढमाकों के साथ पहले नरसिंह वाटिका स्थित शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर और तदपश्चात महावीर बाग स्थित दो अन्य जैन मंदिरों में चैत्य परिपाटी के साथ पहुंचे और एक-दूसरे के प्रति जाने-अनजाने में किए गए अनुचित अथवा अन्य किसी भी तरह के दोष के लिए क्षमा याचना व्यक्त की. सुबह 6 बजे पौषद के साथ शुरू हुए इस अनुष्ठान का समापन हुआ.

### आज अट्ठाई की तपस्या के पारणे

नरसिंह वाटिका पर 28 अगस्त को सुबह 9 बजे से अट्ठाई अर्थात 8 दिन की तपस्या करने वाले तपस्वियों के पारणे होंगे तथा शाम को सिद्धि तप के तपस्वियों के लिए स्वामी वात्सल्य का आयोजन नरसिंह वाटिका पर होगा। इसी तरह शुक्रवार, 29 अगस्त को सुबह अंतिम व्यासना एवं शाम को स्वर कोकिला सीमा दफ्तरी (जयपुर) एवं उनकी टीम द्वारा तप अनुमोदना भक्ति का दिव्य आयोजन होगा।

# वाइन शॉप और रेस्टोरेंट द्वारा फैलाया जा रहा था कचरा

### दो स्थानों पर कुल 30 हजार का स्पॉट फाइन

इंदौर. आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देशानुसार शहर में किसी भी प्रकार का कचरा एवं गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के क्रम में आज झोन क्रमांक 18 के अंतर्गत 2 स्थानों पर 30 हजार रुपए का स्पॉट फाइन किया गया। अपर आयुक्त श्री रोहित सिसोनिया द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान झोन क्रमांक 18 वार्ड क्रमांक 63 के अंतर्गत अग्रसेन चौराहे का पास स्थित मजदूर चौक के सामने कंपोजिट वाइन शॉप की दुकान के बाहर कचरा एवं गंदगी पाए जाने पर स्वास्थ्य अधिकारी राजेश जायसवाल को स्पॉट फाइन करने हेतु निर्देशित किया गया. स्वास्थ्य अधिकारी राजेश जायसवाल ने बताया कि अपर आयुक्त स्वास्थ्य के निर्देशानुसार वार्ड क्रमांक 63 के अंतर्गत कंपोजिट वाइन शॉप पर दस हजार रुपए का स्पॉट फाइन किया. इसके साथ ही झोन क्रमांक 18 वार्ड क्रमांक 63 के अंतर्गत महाकाल का रेस्टोरेंट परिसर में भी कचरा एवं गंदगी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध स्पॉट फाइन कार्रवाई के दौरान प्रबंधक




उपस्थित नहीं होने पर रेस्टोरेंट को सील किया गया. इसकी पश्चात रेस्टोरेंट के मालिक के आने के पश्चात रेस्टोरेंट के बाहर कचरा गंदगी फैलाने पर रुपए 20 हजार का स्पाट फाइन फाइन वसूल कर रेस्टोरेंट को खोला गया. कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी राजेश जायसवाल, सहायक सीएसआई शोभरन खरे, क्षेत्रीय दरोगा एवं एनजीओ की टीम उपस्थित थी.



## पौधारोपण से रोगों का निवारण संभव

**इंदौर. नक्षत्र संबंधी वृक्षारोपण करने से जीवन में आ रही समस्याओं और रोगों का निवारण किया जा सकता है. पीपल वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु, महेश का वास होता है. उससे 24 घंटे ऑक्सीजन प्राप्त होती रहती है और नकारात्मकता समाप्त होने से घर में अनुकूल वातावरण प्राप्त किया जा सकता है.**

श्री जैन प्राच्यविद्या अनुसंधान संगठन द्वारा वैंकटेश नगर में आयोजित विद्वत संगोष्ठी में प्रीति पाडलिया ने वृक्षारोपण का महत्व, पंकज जैन ने भूमि ऊर्जा, मनीषा चेलावत ने समय सूचक, अर्चना राजवाल ने अंको के चमत्कार, श्वेता जैन ने स्वर विज्ञान, सुषमा जैन ने रोगों के निदान विषय पर अपने विचार रखे. प्रारंभ में मंगलाचरण के बाद मुख्य अतिथि सन्मतिवाणी चेनल के सम्पादक एम के जैन का स्वागत रेनु जैन ने किया.

# शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर बना ली थी नर्सरी

**करोड़ों शासकीय भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त**

**जिला एवं निगम प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई**

इंदौर. कलेक्टर श्री आशीष सिंह एवं आयुक्त श्री शिवम के निर्देशानुसार नगर निगम की टीम द्वारा तहसीलदार एवं पटवारी की उपस्थिति में संयुक्त कार्रवाई करते हुए झोन क्रमांक 13 वार्ड क्रमांक 77 अंतर्गत खसरा क्रमांक 622 ग्राम कैलोद करताल में लगभग 3620 वर्गमीटर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया.

उल्लेखनीय है कि झोन क्रमांक 13 वार्ड क्रमांक 77



अंतर्गत खसरा क्रमांक 622 ग्राम कैलोद करताल में लगभग 3620 वर्गमीटर शासकीय भूमि पर लाल सिंह पटेल द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर लगभग 5000 पौधे रखकर नर्सरी का निर्माण किया गया था. अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया के निर्देशन में कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकर्ता को समक्ष में उपस्थित होकर पौधे हटाने के लिए निर्देशित किया गया था. नियमानुसार उसे तीन दिवस का समय प्रदान किया गया था. वर्तमान में लगभग 20 प्रतिशत पौधे हटाए जा चुके हैं एवं ट्रैक्टर लगाकर पौधों को हटाने का कार्य निरंतर जारी है. शासकीय भूमि की अनुमानित कीमत लगभग 5 करोड़ 43 लाख रुपये है.

### अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं

नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने बताया कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. शहर हित में की जा रही इस कार्रवाई के अंतर्गत भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर पुन: नगरवासियों के उपयोग एवं सार्वजनिक हित में लिया जाएगा. उन्होंने यह भी कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से नगर निगम द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराई गई इस भूमि पर वृहद स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा. नगर निगम इंदौर द्वारा अतिक्रमण हटाने की यह सतत कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्ज़े को रोका जा सके और शहर के विकास कार्यों में बाधा न आए.

# परदेशीपुरा क्षेत्र के अग्रवाल संगठन मिलकर मनाएंगे महाराजा अग्रसेन जयंती

### सभी संगठनों की बैठक में सर्वानुमति से निर्णय लिया

इंदौर. अग्रवाल पंचायत एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल परदेशीपुरा के संयुक्त तत्वावधान में पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन की 5149वीं जयंती 18 एवं 19 सितम्बर को धूमधाम से मनाई जाएगी. पंचायत के अध्यक्ष गणेश गोयल की अध्यक्षता में आयोजित क्षेत्र के सभी संगठनों की बैठक में सर्वानुमति से निर्णय लिया गया कि सभी कार्यक्रम परदेशीपुरा स्थित राखोड़ीवाला मांगलिक भवन पर आयोजित होंगे तथा 19 सितम्बर को सुबह भव्य प्रभात फेरी निकाली जाएगी. इस मौके पर अग्रवाल पंचायत, नवयुवक मंडल एवं अग्र चेतना महिला मंडल का पुनर्गठन भी हुआ.

अग्रसेन जयंती महोत्सव की तैयारियों को लेकर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों का चयन भी इस अवसर पर किया गया. अग्रवाल पंचायत में वरिष्ठ समाजसेवी गणेश गोयल अध्यक्ष, दिलीप अग्रवाल मंत्री, अशोक ऐरन उपाध्यक्ष, ओमप्रकाश मित्तल



कोषाध्यक्ष एवं प्राणेश बंसल सचिव मनोनीत किए गए, जबकि नवयुवक मंडल में पवन ऐरन अध्यक्ष, रितेश गोयल मंत्री, योगेश बंसल उपाध्यक्ष, विनय गुप्ता कोषाध्यक्ष, मुकेश अग्रवाल बालाजी सचिव, कैलाश मित्तल सहसचिव, अमित बंसल संगठन मंत्री, मयूर गोयल, सत्यप्रकाश अग्रवाल एवं रत्नेश अग्रवाल सहमंत्री मनोनीत किए गए. अग्र चेतना महिला मंडल में संस्थापक गायत्री मित्तल एवं आभा अग्रवाल के मार्गदर्शन में तृप्ति मित्तल अध्यक्ष, शोभा मित्तल एवं शिल्पा बंसल उपाध्यक्ष, अरुणा ऐरन एवं ममता अग्रवाल महामंत्री, मोना बंसल एवं मंजू अग्रवाल मंत्री तथा श्रीमती साधना बंसल सचिव मनोनीत किए गए. कार्यक्रम के सलाहकार मंडल में सोनू अग्रवाल (गारमेंट), अजय मित्तल, संजय अग्रवाल, अश्विन गोयल एवं सौरभ अग्रवाल का मनोनयन किया गया.

### प्रभात फेरी निकाली जाएगी

अध्यक्ष गणेश गोयल में बैठक में बताया कि अग्रसेन जयंती महोत्सव को लेकर समाज के सभी वर्गों में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिल रहा है तथा 18 एवं 19 सितम्बर को विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है. 19 सितम्बर को सुबह शिवधाम से प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जो समूचे परदेशीपुरा क्षेत्र का भ्रमण करने के बाद राखोड़ीवाला मांगलिक भवन पर संपन्न होगी।

# मालवा मिल परिसर में गणेश स्थापना

इन्दौर. दि मालवा मिल गणेश उत्सव एवं झांकी निर्माण समिति के तत्वाधान में मालवा मिल परिसर में गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश जी की स्थापना की गई.

विश्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित योगेंद्र महंत के मुख्य आतिथ्य में, पूर्व पार्षद रमेश यादव उस्ताद, महापौर परिषद के सदस्य नंद किशोर पहाड़ियां के आतिथ्य में एवं विशेष रूप से मदन परमालिया ने मिल परिसर में गणेश जी की विधिविधान से स्थापना की. साथ ही झांकी निर्माण का अवलोकन किया. इस वर्ष फिर मजदूरों के पसीने से निर्मित इंदौर की जनता लिए श्रेष्ठ झांकी का निर्माण का संकल्प भी दिलाया. इस अवसर पर मुख्य रुप से पंडित गोपाल शर्मा मधुरम व अध्यक्ष कैलाश कुशवाह, प्रधान मंत्री राजेन्द्र मरमट, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, दि मालवा मिल मैनेजिंग कमेटी के विनोद जैन, जेएस शिकरवार, राहुल निहोरे, राजु यादव, रूपेश यादव, लक्ष्मण वर्मा, संजय सिंह भदौरिया, भवानी गुरु, अनंत महन्त, किशन लाल कुशवाह, राजेन्द्र शर्मा, संतोष यादव, देवीलाल जोड़वाल, राजेश गुर्जर, बसंत कोलंबिया, बंटी जाधव, राजेश यादव, महेश शर्मा, राजेंद्र शर्मा, झांकी कलाकार जितेंद्र कुशवाह, विद्युत सज्जा मनोज बुर्रा



आदि उपस्थित थे. आभार अध्यक्ष कैलाश कुशवाह ने माना. पूजन विधि कोषाधयक्ष सुरेंद्र शर्मा ने की.



# ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर 'वैष्णव के राजा' की स्थापना

इंदौर. श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स में महाविद्यालय परिसर में दस दिवसीय 'वैष्णव के राजा' गणेश उत्सव का शुभारंभ हुआ. इस वर्ष विद्यार्थियों ने विशेष रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' की थीम पर श्री गणेश जी की स्थापना की. झांकी की सजावट में पूरे ऑपरेशन सिंदूर का दृश्य सजीव कर दिया गया, जिसमें गणेश जी को मिसाइल लांचर पर 'विजयी रूप' में स्थापित किया गया. इस अवसर पर प्रबंधन समिति के समस्त पदाधिकारियों ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएँ एवं बधाइयाँ प्रेषित कीं. प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी ने महाआरती संपन्न कराई और कहा- यह थीम इस भावना का प्रतीक है कि देश सर्वोपरि है.

हमारे विद्यार्थी इसी प्रेरणा से कार्य कर रहे हैं. प्रतिमा स्थापना के समय विद्यार्थियों ने ढोल और ताशों की मंगलध्वनि के साथ उत्साहपूर्ण वातावरण निर्मित किया. विशेष उल्लेखनीय है कि श्री गणेश की प्रतिमा विद्यार्थियों द्वारा काली मिट्टी से स्वयं निर्मित की गई तथा उसमें शुद्ध प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया गया. कार्यक्रम के सूत्रधार एवं संयोजक प्रो. राकेश उपाध्याय रहे.

धर्म | नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण साख सहकारी संस्था की वार्षिक महासभा

# सनातन धर्म को समृद्ध बनाने के लिए सहकार की भावना जरूरी

**इंदौर. आपसी सहकार का भावना से ही हम अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के साथ सनातन धर्म को भी समृद्ध और संगठित बना सकते हैं. भारतीय समाज में सहकारिता को विकास की धुरी कहा जाए तो गलत नहीं होगा. बिना सहकार नहीं उद्धार वाली कहावत पूरी तरह नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज पर खरी उतरती है.**

ये विचार है समाजसेवी प्रेमप्रकाश अग्रिहोत्री के, जो उन्होंने तरह नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज की वार्षिक महासभा में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए. उन्होंने कहा कि बूंद-बूंद से ही समाज का घड़ा भरता है और उसी से समाज की समृद्धि होती है.



कैट क्षेत्र, सुख निवास स्थित समाज की धर्मशाला के परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में ऋषि संस्कृति गुरूकुल उज्जैन के परमाचार्य एवं समाज के संरक्षक डॉ. देवकरण शर्मा ने अपनी हस्तलिखित पुस्तकें भी समाज को भेंट की और संदेश दिया कि स्वाध्याय ही मनुष्य को श्रेष्ठ बनाता है.

उन्होंने आग्रह किया कि धर्मशाला स्थल पर पुस्तकालय एवं वाचनालय भी बनाया जाए। कार्यक्रम में संतोष कुंडल, डॉ. प्रभाकर त्रिवेदी, सुनील जोशी, दिनेश त्रिवेदी, प्रताप दुबे, तिमिरहर मंडलोई, सुदर्शन दुबे, पंकज व्यास सहित सैकड़ों समाजबंधु उपस्थित थे। संचालन अभिभाषक गजेन्द्र शर्मा ने किया। महासभा का समापन भगवान की आरती एवं महाप्रसाद के साथ हुआ.

### व्यास की अध्यक्षता वाली कार्यकारिणी पुन: निर्वाचित

श्री नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज इंदौर की कार्यकारिणी द्वारा बीते कार्यकाल में श्रेष्ठ कार्य करने के कारण समाजबंधुओं ने पुष्करलाल व्यास की अध्यक्षता वाली वर्तमान कार्यकारिणी को ही अगले कार्यकाल के लिए भी सर्वसम्मति से चुन लिया. इसका प्रस्ताव समाज अध्यक्ष डॉ. धर्मपाल शर्मा ने रखा, जिस पर करतल ध्वनि के बीच पूरे समाज ने अपनी सहमति व्यक्त की.